# बिहार मानवाधिकार आयोग

## सूचना

बिहार मानवाधिकार आयोग, पटना द्वारा वर्ष 2024 का कैलेण्डर एवं डायरी का मुद्रण कराने के लिए निबंधित एवं योग्य मुद्रकों से दिनांक 16.01.2024 को 01:00 बजे अपराह्न तक अधोहस्ताक्षरी के पदनाम से Quotation अलग–अलग सीलबंद लिफाफे में आमंत्रित की जाती है। जिसका आकार एवं शर्तें निम्नवत् है :–

**वर्ष 2024 का कैलेण्डर की विशिष्टियाँ :–**

कैलेण्डर की 2000 प्रतियाँ जिसमें पृष्ठ 06, जी0एस0एम0 300 आर्ट पेपर पर बहुरंगी छपाई होगा। कैलेण्डर का Layout Designing भी मुद्रक के द्वारा की जानी होगी। पूर्व वर्ष की भांति प्रति कैलेण्डर का दर ₹ 75/–(पचहत्तर) प्रति पीस (Including All Taxes) या कम होना है।

**डायरी की विशिष्टियाँ :–**

डायरी की 1000 प्रतियाँ का Layout Designing मुद्रक के द्वारा की जानी होगी। डायरी का कवर अच्छी क्वालिटी की होगी। डायरी के सभी पृष्ठों में मानवाधिकार आयोग का लोगो एवं नाम छपाई होना है, साथ ही कतिपय गणमान्य का नाम भी अंकित करना है। पृष्ठों की गुणवत्ता उत्तम होनी चाहिए। पूर्व वर्ष की भांति प्रति डायरी की दर ₹ 370/–(तीन सौ सत्तर) प्रति पीस (Including All Taxes) या कम होना है।

**नोट :–**

(i) उपर्युक्त सामग्रियों से संबंधित कोई जानकारी किसी कार्य दिवस को कार्यावधि में संयुक्त सचिव, बिहार मानवाधिकार आयोग, पटना से मिलकर जाना जा सकता है।

(ii) प्रकाश्य सामग्रियों की संख्या में आवश्यकतानुसार कमी/वृद्धि की जा सकती है।

(iii) वर्ष 2024 का कैलेण्डर एवं डायरी पर मुद्रित होने वाले चित्र/थीम की गुणवत्तापूर्ण फोटोग्राफी संबंधित चयनित फर्म को करनी होगी एवं तत्संबंधी चित्र/थीमों का अनुमोदन आयोग से प्राप्त कर लेना होगा।

(iv) इस विषय पर आयोग कार्यालय का निर्णय अंतिम होगा।

ह0/–
संयुक्त सचिव,
बिहार मानवाधिकार आयोग, पटना

ज्ञापांक– बी0एच0आर0सी0/लेखा– 10/2021–22 454 पटना, दिनांक 10.1. 2024

प्रतिलिपि : सुश्री सुप्रिया कुमारी, आई0टी0 प्रबंधक, बिहार मानवाधिकार आयोग, पटना को निदेशित किया जाता है कि आयोग के वेबसाइटः www.bhrc.bihar.gov.in पर उक्त सूचना को अपलोड करें।

10/1/24

संयुक्त सचिव,
बिहार मानवाधिकार आयोग, पटना